# चुनाव के लिये जिला प्रशासन की पूर्ण तैयारी, अब मतदाताओं की बारी



जिला मुख्यालय की सेठ मोतीलाल कॉलेज परिसर से मतदान दलों की रवानगी हुई।

**झुंझुनूं,** (निसं)। शनिवार को जिले के 1737 मतदान केन्द्रों पर कुल 18,02,106 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 9,42,237 पुरूष तथा 8,59,857 महिला मतदाता शामिल हैं। शुक्रवार को जिला मुख्यालय की सेठ मोतीलाल कॉलेज परिसर से मतदान दलों की रवानगी हुई। मतदान से पहले उन्हें तृतीय प्रशिक्षण देकर मतदान के लिए उपयोग में ली जाने वाली ईवीएम, वीवीपैट सहित अन्य सामग्री सौंपी गई।

मतदान दलों की रवानगी के समय जिला निर्वाचन अधिकारी बचनेश अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई ने मतदान कर्मियों को सजग, सतर्क रहकर मतदान केन्द्र पर सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समयानुसार संपादित करने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर धैर्य रखकर निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए प्रबंधन रखने की बात कही। इस दौरान महिला मतदान कर्मियों में भी मतदान को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। जिला निर्वाचन अधिकारी बचनेश अग्रवाल ने बताया कि पिलानी विधानसभा क्षेत्र में 235 मतदान केन्द्र बनाए गए है। वहीं सूरजगढ़ क्षेत्र में 289 मतदान केन्द्र, झुंझुनू में 249 मतदान केन्द्र, मण्डावा में 256 मतदान केन्द्र, नवलगढ़ में 260 मतदान केन्द्र, उदयपुरवाटी में 232 मतदान केन्द्र, खेतड़ी में 209 मतदान केन्द्र बनाए गए है।

इसके अतिरिक्त पिलानी में 2, सूरजगढ़ में 4 तथा झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र में 1 सहायक मतदान केन्द्र भी बनाए गए हैं। पिलानी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,46,713 मतदाता है, जिनमें 1,28,503 पुरूष तथा 1,18,210 महिला मतदाता शामिल है।

इसी प्रकार सूरजगढ़ में कुल 2,83,368 मतदाता हैं, जिनमें 1,47,934 पुरूष तथा 1,35,434 महिला मतदाता, झुंझुनू में कुल 2,68,913 मतदाता है, जिनमें 1,40,142 पुरूष तथा 1,28,765 महिला मतदाता, मंडावा में कुल 2,45,633 मतदाता है, जिनमें 1,27,594 पुरूष तथा 1,18,037 महिला मतदाता, नवलगढ़ में कुल 2,78,117 मतदाता है, जिनमें 1,45,260 पुरूष तथा 1,32,854 महिला मतदाता, उदयपुरवाटी कुल 2,56,269 मतदाता है, जिनमें 1,34,699 पुरूष तथा 1,21,569 महिला मतदाता तथा खेतड़ी कुल 2,23,093 मतदाता है, जिनमें 1,18,105 पुरूष तथा 1,04,988 महिला मतदाता शामिल है। जिले में इस बार 7 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 28,268 सर्विस वोटर्स है। जिले की पिलानी विधानसभा क्षेत्र में 2,850 मतदाता, सूरजगढ़ में 8,101, झुंझुनू में 3,446, मंडावा में 2,916, नवलगढ़ में 2,501, उदयपुरवाटी में 3,695 तथा खेतड़ी में 4,759 सर्विस वोटर्स है।

## मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण एक को

**सीकर,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर सौरभ स्वामी ने आदेश जारी कर आम चुनाव 2023 के लिए 3 दिसम्बर को श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय सीकर में विधानसभा क्षेत्रवार मतगणना करने के लिए निर्धारित प्रपत्रों में सांख्यिकी सूचना तैयार करने के लिए कार्मिकों को विधानसभा वार नियुक्त किया है। संबंधित कार्मिक आवंटित विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी के निर्देशन में कार्य सम्पादन करेंगे एवं समस्त सांख्यिकी सूचना तैयार करने का सम्पूर्ण दायित्व संबंधित ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी का होगा। उन्होंने निर्देशित किया है कि मतगणना के लिए एक दिसम्बर 2023 को प्रातः 11 बजे कार्यालय सहायक निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग सीकर में प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं 3 दिसम्बर को प्रातः 6.30 बजे श्री कल्याण कन्या महाविद्यालय सीकर में अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। मतगणना में नियुक्त कार्मिकों को नियमानुसार मानदेय देय होगा। मतगणना के पश्चात आवंटित विधानसभा क्षेत्र का सम्पूर्ण सांख्यिकी सूचनाओं से संबंधित रिकॉर्ड सांख्यिकी प्रकोष्ठ कक्ष में जमा करवाकर प्रभारी अधिकारी, सांख्यिकी सूचना प्रकोष्ठ से अनुमति प्राप्त कर मतगणना स्थल छोडेंगे।

# सुगम मतदान के लिये कार्यों में स्काउट-गाइड देंगे सहयोग




स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में सेमिनार का आयोजन किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देश के अनुपालना में स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू द्वारा सामुदायिक विकास सेमिनार का आयोजन स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में किया गया।

सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि सेमिनार में 13 महाविद्यालयों के 62 रोवर रेंजर एवं 6 लीडर्स सहभागीता कर रहे हैं। सेमिनार में उपराष्ट्रपति अवार्ड शील्ड के बारे में सीओ गाइड सुभिता महला ने विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि सामुदायिक सेवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की सामुदायिक सेवा जैसे स्वच्छता चेतना, स्वच्छता अभियान, पार्क सफाई, नशा उन्मूलन पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, बाल विवाह रोकथाम, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम जैसे कार्य करते हुए लॉग बुक का निर्माण किया जाता है। जो राज्य मुख्यालय प्रेषित की जाती उसके बाद मूल्यांकन के आधार पर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाता है। सीओ स्काउट महेश कलावत ने बताया कि ने सामुदायिक सेमिनार के दौरान रोवर्स रेंजर्स को युवा गतिविधि से संबंधित विभिन्न प्रकार के शिविरों के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया कि राजस्थान प्रदेश में डेजर्ट ट्रैकिंग जैसलमेर, नेशनल डेजर्ट ट्रैकिंग बीकानेर, स्टेट एडवेंचर ट्रेनिंग शिविर माउंट आबू में संचालित किया जा रहा है।

इस अवसर पर उपस्थित रोवर रेंजर्स को मतदान कार्य में सुगम मतदान में आवश्यक कार्य हेतु मास्टर ट्रेनर ताराचंद यादव एवं विजय गर्वा तथा वरिष्ठ स्काउटर रामदेव सिंह गढ़वाल एवं रोवर लीडर सौरव केडिया द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। ताराचंद यादव व कब मास्टर दिनेश कुमार ने आवश्यक सहयोग किया। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि सुगम मतदान हेतु इन रोवर्स रेंजर्स द्वारा शहर के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सहयोग किया जाएगा तथा इसी प्रकार पूरे जिले में प्रति मतदान केंद्र दो दो स्काउट गाइड साइनेज के रूप में कार्य करते हुए वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को मतदान करने में आवश्यक सहयोग करेंगे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर कल

**झुंझुनूं,** (निसं)। ठा. चतुर सिंह शेखावत की जयन्ती के उपलक्ष्य में ठा. चतुर सिंह शेखावत स्वास्थ्य संस्थान के द्वारा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन 26 नवम्बर रविवार को किया जाएगा। शिविर ठा. चतुर सिंह शेखावत स्वास्थ्य संस्थान, एच-1 रीको इण्ड. एरिया (रीको मैनेजर क्वार्टर के पास) में सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ नगेन्द्र सिंह शेखावत व डॉ माया हाडा, जनरल फिजिशियन डॉ अर्जुन सिंह शेखावत, डॉ भानुप्रताप सिंह राठौड़, डॉ आदित्य प्रताप सिंह शेखावत व डॉ राज्यवर्धन सिंह राठौड़, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीमती पवन राठौड़, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा शेखावत, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पेन्द्र शेखावत, अस्थि/हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ विशाल शेखावत, डॉ विक्रांत शेखावत, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ आरती शेखावत तथा दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक सिंह भाटी अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में दवाइयों का वितरण भी निःशुल्क किया जाएगा।

# चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ को

**झुंझुनूं,** (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार सम्पूर्ण राजस्थान में वर्ष 2023 की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09.12.2023 को किया जा रहा है।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन में किसी नागरिक एवं सरकार या उसके किसी विभाग/उपक्रम के मध्य सभी प्रकार के विवाद (राजस्थान लिटिगेशन पॉलिसी, 2018 के तहत निराकरण के प्रयास), मोटर दुर्घटना दावों से संबंधित क्लेम के विवाद, घातक दुर्घटना अधिनियम से संबंधित क्लेम के विवाद, धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम के विवाद, धन वसूली के सभी प्रकार के विवाद के मामलों के तहत वसूली के हर प्रकार के मामलों सहितद्ध, गृहकर/नगरीय विकास कर के विवाद (जो स्थानीय निकायों द्वारा वसूल किया जाता है), शहरी जमाबंदी के (जो डवलपमेंट अथॉरिटीज/यूआईटी द्वारा वसूल की जाती है), फसल बीमा पॉलिसी से संबंधित विवाद, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं ग्राहकों के मध्य विवाद, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवाद, पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं यथाः निर्माण श्रमिक शिक्षा व कौशल विकास योजना, प्रसूति सहायता योजना, हिताधिकारी की सामान्य अथवा दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की दशा में सहायता, योजना, सिलिकोसिस पीडित हिताधिकारियों हेतु सहायता योजना, शुभ शक्ति योजना, निर्माण श्रमिक सुलभ्य आवास योजना, निर्माण श्रमिक औजार/टूलकिट सहायता योजना, निर्माण श्रमिक जीवन व भविष्य सुरक्षा योजना, निर्माण श्रमिक एवं उनके आश्रित बच्चों द्वारा भारतीय/राजस्थान प्रशासनिक सेवा हेतु आयोजित प्रारम्भिक प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन योजना आदि प्रकरण चिह्नित किए जा रहे है।

# हेला टोली सदस्य बढ़ायेंगे मतदान प्रतिशत

### 1627 बूथों पर 13 हजार से अधिक हेला टोली लोग सक्रिय रहकर करेंगे सहयोग

**बीकानेर,** (कासं)। कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहने देने के प्रशासन के संकल्प के साथ जिले के 1627 बूथों पर 13 हजार से अधिक हेला टोली लोग सक्रिय रहकर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को दृढ़ संकल्पित हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद के निर्देशानुसार स्वीप वार रूम प्रभारी सीईओ नित्या के. ने सभी 1627 बूथों पर बीएलओ, ग्राम विकास अधिकारियों अध्यापकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों को मिलाकर करीब तेरह हजार लोगों को हेला टोली के रूप में सक्रिय किया है जो कम मतदान की स्थिति में मतदाताओं को प्रेरित कर संबंधित बूथ तक लायेंगे। इससे संबंधित जिला स्वीप रूम दल की मीटिंग को सीइओ ने संबोधित कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। नित्या के. ने बताया कि 173 बूथों को संभावित कम मतदान प्रतिशत वाले मानकर उन पर पहले से ही फोकस किया गया है। जबकि मतदान के दौरान 11बजे तक 25 प्रतिशत से कम तथा 1बजे तक 50 प्रतिशत से कम मतदान होने की सूरत में हेला टोली स्वयमेव सक्रिय हो जायेगी।

नित्या के. ने बताया कि जिले में 33 बूथों को थीम आधारित बूथ बनाया गया है। जिनमें जिले के परंपरागत एवं प्रसिद्ध स्थानों के चित्र प्रदर्शित किए गए हैं और बहुरंगी सजावट करके आकर्षक बनाया गया है। इसके अलावा आज पूरे जिले में पीले चावल वितरण करने का कार्य जोर शोर से चला। जिसमें घर- घर जाकर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। नित्या के. ने बताया कि जिले में 56 नारी शक्ति बूथ भी बनाये गए हैं जिनमें मतदान कार्मिक महिलाएं है। इनमें से चार में विशेष सजावट की गई है।

## कोलायत मेले के लिए चलेंगी 2 स्पेशल ट्रेन

**बीकानेर,** (कासं)। रेलवे की ओर से कोलायत में 27 नवम्बर को आयोजित होने वाले कपिल मुनि मेले में यात्रियों की सुविधा के लिए बीकानेर-कोलायत-बीकानेर (03 जोडी) एवं लालगढ़-कोलायत-लालगढ़ स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04807 बीकानेर-कोलायत स्पेशल 27 नवम्बर को बीकानेर से शाम 4.50 बजे रवाना होकर शाम 6.10 बजे कोलायत पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04808 कोलायत- बीकानेर स्पेशल 27 नवम्बर को कोलायत से 6.40 बजे रवाना होकर रात 8 बजे बीकानेर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में लालगढ़, गजनेर स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 04809 बीकानेर-कोलायत स्पेशल 27 नवम्बर को बीकानेर से 10.30 बजे रवाना होकर 11.40 बजे कोलायत पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04810 कोलायत-बीकानेर स्पेशल 27 नवम्बर को कोलायत से 12.20 बजे रवाना होकर 13.40 बजे बीकानेर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में लालगढ़, गजनेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 04805 बीकानेर-कोलायत 27 नवम्बर को बीकानेर से 15.00 बजे रवाना होकर 16.40 बजे कोलायत पहुंचेगी।

# बीकानेर जिले में 1640 मतदान केन्द्रों पर आज होगा मतदान

**बीकानेर,** (कासं)। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 25 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए जिले की सातों विधानसभा क्षेत्र में मतदान करवाने के लिए मतदान दल शनिवार को जिला मुख्यालय से रवाना हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल की उपस्थिति में मतदान दलों को तृतीय प्रशिक्षण दिया गया और इसके पश्चात आवश्यक सामग्री का वितरण कर गंतव्य स्थलों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया लोकतंत्र की बुनियाद है। इसके सफल संपादन में मतदान दल प्रथम पंक्ति की भूमिका में है। सभी कार्मिक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से गंभीरता कार्य करते हुए इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव नियमों की अक्षरशः अनुपालना करें।

भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि मतदान दल कार्मिकों की सुविधा के लिए बीकानेर एज मोबाइल एप विकसित किया गया है। सभी सूचनाएं, मोबाइल नम्बर, बूथ लोकेशन, रूट मैप, कम्प्यूनिकेशन प्लान सहित समस्त सूचनाएं इस एप पर उपलब्ध है। किसी भी आवश्यकता के लिए पोलिंग पार्टी इस एप पर सूचना भेजें। जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि सभी पोलिंग पार्टी के गंतव्य स्थल पर पहुंचने की सूचना बीकानेर एज के माध्यम से स्वतः अपडेट हो जायेगी। रिटर्निंग अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर इस एप्लीकेशन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया पर बारीकी से निगरानी की जा रही है।

विधान सभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पूरे उत्साह के साथ मतदान दल अपने गंतव्य स्थलों के लिए रवाना हुए। राजकीय डूंगर महाविद्यालय से श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर पूर्व तथा पश्चिम बीकानेर पश्चिम विधानसभा के लिए मतदान दलों की रवानगी हुई। जबकि पॉलिटेक्निक कॉलेज से खाजूवाला, लूणकरनसर, नोखा और कोलायत विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दल रवाना हुए। मतदान समाप्ति के बाद सभी विधानसभा क्षेत्रों से ईवीएम पॉलिटेक्निक कॉलेज के संग्रहण केन्द्र में जमा करवा दी जायेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1640 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 1627 मुख्य मतदान केन्द्र तथा 13 सहायक मतदान केन्द्र हैं। खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र में 226 मूल तथा एक सहायक सहित कुल 227 मतदान केन्द्र है। बीकानेर पश्चिम में 194 मूल तथा 3 सहायक सहित कुल 197, बीकानेर पूर्व में 197 मूल तथा 6 सहायक मतदान केन्द्र सहित कुल 203 मतदान केन्द्र बनाये गए हैं। इसी प्रकार कोलायत विधानसभा क्षेत्र में 277 मूल तथा एक सहायक सहित कुल 278 मतदान केन्द्र बनाये गए हैं। लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र में 234 मूल तथा एक सहायक सहित कुल 235, डूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 241 तथा नोखा में 258 मूल तथा एक सहायक मतदान केन्द्र सहित 259 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जायेंगे।

विधानसभा आम चुनाव-2023 के तहत संभागीय आयुक्त श्रीमती उर्मिला राजोरिया ने मतदाताओं से निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की है। जारी अपील में उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिये निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान करना आवश्यक है।

## सार-समाचार

### मंडावा में सुमन का बढ़ता काफिला



**झुंझुनूं,** (निसं)। मंडावा विधानसभा क्षेत्र में जहां वर्तमान विधायक रीटा चौधरी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनावी समर में उतरी हुई है वहीं झुंझुनू सांसद नरेंद्र कुमार भाजपा की टिकट पर चुनावी वैतरणी पार करने की जुगत में है। मंडावा विधानसभा क्षेत्र में से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर डॉ आरके सुमन दोनों ही प्रमुख दल भाजपा कांग्रेस को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। डॉ सुमन अपने चुनाव प्रचार के तहत विधानसभा क्षेत्र के हर गांव ढाणी-ढाणी तक पहुंच कर मतदाताओं से मत और समर्थन देने की अपील कर रहे हैं। डॉ सुमन प्रचार के अंतिम तिथि तक मंडावा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव का दौरा कर चुके हैं। मंडावा विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने डॉ सुमन का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया वहीं पुष्प वर्षा कर मान सम्मान किया। विदित रहे डॉ सुमन की निःस्वार्थ जन सेवा की भावना को देखते हुए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने भी मंडावा विधानसभा क्षेत्र से अपना पार्टी प्रत्याशी ना उतार कर डॉ सुमन को अपना समर्थन दिया है। भीम आर्मी चीफ आजाद और आरएलपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेनीवाल के समर्थन मिलने से डॉ आरके सुमन का काफिला बढ़ता जा रहा है वहीं भाजपा कांग्रेस प्रत्याशियों की नींद उड़ी हुई है।

### मतदान करने की अपील

**झुंझुनूं,** (निसं)। मतदान की पूर्व संध्या पर जिला निर्वाचन अधिकारी बचनेश कुमार अग्रवाल ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में आवश्यक रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान आवश्यक है। अग्रवाल ने कहा कि मतदाता यह नहीं सोचें की उनके एक वोट से क्या फर्क पड़ेगा, लोकतंत्र में सबके मत की कीमत बराबर है, इसलिए मतदान अवश्य करें। उन्होंने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण, निर्भिक मतदान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। मतदाताओं को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए माकूल व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने मतदान केन्द्र पर जाकर भारत निर्वाचन आयोग की और से जारी दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज (मतदाता निर्वाचक फोटो पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड) को साथ लेकर जाए और अपना वोट देवें।

### धारा 144 निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी

**झुंझुनूं,** (निसं)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के तहत जिले में धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी की गई है। जिला मजिस्ट्रेट बचनेश अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान कोई भी व्यक्ति किसी मतदान क्षेत्र में किसी भी निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की कालवधि के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सावर्जनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमे उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे सम्बोधित करेगा। इसी पकार चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य, साचित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा। इस समय अवधि के दौरान कोई संगीत समारोह या कोई नाट्यय अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमादे-प्रमोद जनता के सदस्यों को उनके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करने या उसके आयोजन की अव्यवस्था करके जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा।

### फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल को 11 मेडल

**सीकर,** (निसं)। पालवास रोड, सीकर स्थित फ्लोरेटो वर्ल्ड क्लास आईसीएसई स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल जीके ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 मेडल जीते हैं। फ्लोरेटो की आराध्या, अव्यान, आरवी, छविष्का, धीरल, प्रियांशु, वत्सल, अव्यान, ईशान, युवेन एवं हिमांशु ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस जीता है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर फ्लोरेटो स्कूल में उत्साह का माहौल रहा। प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, फ्लोरेटो स्कूल प्रबंध निदेशिका डा. मिनाली सुण्डा एवं प्रिंसिपल रिंकू शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी। गौरतलब है कि फ्लोरेटो में प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थी को स्कूलिंग के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कराई जाती है।

### सवैतनिक अवकाश मिलेगा

**झुंझुनूं,** (निसं)। विधानसभा आम चुनाव को लेकर 25 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए मनरेगा श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश मिलेगा। जिला परिषद सीईओ जवाहर चौधरी ने बताया कि मतदान को लेकर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की आयुक्त शिवांगी स्वर्णकार ने निर्देश जारी किए हैं। इसको लेकर पंचायत समितियों के सभी विकास अधिकारियों को मनरेगा श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित इंदिरा रसोई में भी मतदान दिवस को अवकाश रहेगा।

### नियंत्रण कक्ष स्थापित

**झुंझुनूं,** (निसं)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के अंतर्गत जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर उस संबंधित क्षेत्र के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता व कार्मिकों के मोबाईल नं. की सूची चस्पा कर दी गई है। बिजली संबंधी समस्या आने पर मतदान दल अधिकारी द्वारा उन मोबाईल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकता है, जिससे विद्युत समस्या का समाधान किया जा सकें। इसी प्रकार जिला स्तर पर अधीक्षण अभियंता कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसमें दूरभाष 01592-232790 पर सम्पर्क करें।

# विधानसभा चुनाव : सवा 5 करोड़ मतदाता चुनेंगे 199 विधानसभा क्षेत्रों में विधायक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान में नई सरकार चुनने के लिए 199 विधानसभा क्षेत्रों में आज सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। प्रदेश के 51 हजार 507 मतदान केन्द्रों पर सवा 5 करोड़ से अधिक मतदाता अपना-अपना विधायक चुनने के लिए मतदान करेंगे। निर्वाचन विभाग ने मतदान से जुड़ी तैयारियां पूरी कर ली है, शुक्रवार को मतदान दल और सुरक्षा जाप्ता भी अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गया। इस बार 2.75 लाख कर्मचारी मतदान संपन्न करवाएंगे। सुरक्षा के एहतियात से 6247 सेक्टर अफसर तथा एक लाख से ज्यादा राजस्थान पुलिस, होम गार्ड व 700 कंपनियों के सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

राजस्थान के सबसे ऊंचे मतदान केन्द्र शेरगांव के लिए मतदान दल शुक्रवार को रवाना हुआ है। नवीन भवन विद्यालय से प्रशिक्षण के पश्चात सबसे पहले रवाना हुआ है। गुरुशिखर से करीब 17 किलोमीटर पैदल चलकर मतदान दल शेरगांव पहुंचेगा, जहां पर 118 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन विभाग की ओर से यहां पहली बार मतदान केंद्र बनाया गया है। इससे पूर्व शेरगांव के मतदाता 10 किलोमीटर पैदल चलकर उतरज में वोट डालने जाते थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस बार विधानसभा चुनाव में 18 से 30 वर्ष की उम्र के 1.71 करोड़ मतदाता वोट डाल सकेंगे, इनमें भी 22.61 लाख युवा वोटर्स की उम्र 18 से 19 के बीच है। राज्य में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने के लिए मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए 51 हजार 507 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 10,501 मतदान केन्द्र शहरी क्षेत्र में और 41,006 ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए हैं। जिला स्तरीय कंट्रोल रुम से लाइव वेबकास्टिंग के जरिए मतदान केन्द्रों पर निगरानी रहेगी। प्रदेशभर में 65,277 बैलट यूनिट, 62,372 कंट्रोल यूनिट और 67,580 वीवीपैट मशीनें रिजर्व सहित मतदान कार्य में उपयोग ली जाएंगी।

उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए 6,287 माइक्रो आब्जर्वर और 6247 सेक्टर अधिकारी मय रिजर्व नियुक्त किए गए हैं, जो मतदान दलों से सतत समन्वय बनाकर किसी भी प्रकार की परेशानी का तत्काल निराकरण करेंगे। सभी सेक्टर अधिकारियों को एक-एक अतिरिक्त ईवीएम मशीन भी दी जाएगी। जो ईवीएम संबंधी खराबी की सूचना होने पर सुधार एवं रिप्लेसमेंट की कार्यवाही करेंगे। ईवीएम संबंधी खराबी के त्वरित निराकरण के लिए हर विधानसभा में दो-दो बेल के इंजीनियर भी मौजूद रहेंगे, जो सूचना प्राप्त होने पर शीघ्र केन्द्रों पर पहुंचेंगे। बेल इंजीनियर के पास भी एक-एक अतिरिक्त ईवीएम मशीन रहेगी।

गुप्ता ने बताया कि 2,74,846 मतदान कर्मी मतदान सम्पन्न कराएंगे। 7960 महिला मतदानकर्मी महिला प्रबन्धित मतदान केन्द्रों पर एवं 796 दिव्यांग मतदान कार्मिक दिव्यांग प्रबन्धित मतदान केन्द्रों पर कमान संभालेंगे। सभी मतदान बूथों पर मतदान हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ लेते हुए वहां आने वाले दिव्यांगजन एवं 80 वर्ष की आयु के वरिष्ठ मतदाता अपना मत बिना किसी असुविधा के डाल सकते हैं।

प्रवीण गुप्ता ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए कुल 1,02,290 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कुल 69,114 पुलिस कर्मी, 32,876 राजस्थान होमगार्ड, फोरेस्ट गार्ड एवं आरएसी जवानों का बल तैनात किया गया है एवं की 700 कंपनियां तैनात की गयी है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मतदान दिवस पर सघन जांच एवं निगरानी के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 3 फ्लाइंग स्क्वॉड, 3 एसएसटी दल तैनात रहेंगे। व्यय संवेदनशील मतदान केन्द्रों में एक-एक अतिरिक्त एफएस और एसएसटी की तैनाती मतदान दिवस पर की जाएगी। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कम से कम तीन क्यूआरटी की उपलब्धता रहेगी।

## प्रिया सेठ सहित तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

**जयपुर,** (का.सं.)। जिले के सत्र न्यायालय ने डेटिंग ऐप के जरिए प्रेमजाल में फंसाकर युवक की हत्या करने के मामले में अभियुक्त प्रिया सेठ उसके प्रेमी दीक्षांत कामरा और एक अन्य अभियुक्त लक्ष्य वालिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्तों पर कुल चार लाख 53 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र पारीक और परिवादी के अधिवक्ता संदीप लुहाडिया ने अदालत को बताया कि 3 मई, 2018 को रामेश्वर प्रसाद ने झोटवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसका बेटा दुष्यंत शर्मा एक दिन पहले शाम को किसी काम का कहकर घर से निकला था। जब परिजनों के करने पर दुष्यंत ने थोडी देर बाद आने का कहा और बाद में उसका फोन बंद हो गया। तीन मई को सुबह दुष्यंत के मोबाइल से एक महिला ने फोन कर उससे दस लाख रुपए की फिरौती मांगी।

इसके बाद उसने बैंक जाकर तीन लाख रुपए जमा कराए। रिपोर्ट पर कार्रवाई के दौरान पुलिस को दुष्यंत की हत्या होने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। पुलिस जांच में पता चला कि प्रिया सेठ अनैतिक कार्यों में लिप्त थी और उसने टिंडर ऐप पर दुष्यंत को अमीर आदमी समझकर फंसाया था। प्रिया और दुष्यंत के बीच कई दिनों से संबंध थे। प्रिया ने दुष्यंत को 2 मई को अपने फ्लैट पर बुलाया और तीनों अभियुक्तों ने मिलकर उसे बंधक बना लिया।

उत्तर पश्चिम रेलवे G20
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना संख्या 125 to 128-23-24
मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 15.12.2023 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- निविदा संख्या: 125 कार्य का नाम व स्थान: सूरतगढ़-अनूपगढ़ खण्ड पर ब्रिज नं. 02, 25 व 72 पर एच-बीम स्लीपर एवं चेकरड प्लेट को बदलना। अनुमानित लागत मूल्य:Rs. 11694498.55 धरोहर राशि:Rs. 208500.00 निविदा संख्या: 126 कार्य का नाम व स्थान: सहायक मण्डल इंजीनियर, सूरतगढ़ के अधीन सीएमएस क्रॉसिंग, टंग रेल, कप वेल्ड इत्यादि के रिकण्डीशनिंग का कार्य। अनुमानित लागत मूल्य: Rs. 4988516.45 धरोहर राशि: Rs. 99800.00 निविदा संख्या: 127 कार्य का नाम व स्थान: सहायक मण्डल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के अधीन बीकानेर स्थित पुरानी वाशिंग लाईन के ट्रेक, क्षतिग्रस्त आरसीसी बीम, कॉलम, केटवॉक की मरम्मत करना एवं अन्य विविध कार्य करना। अनुमानित लागत मूल्य: Rs. 5616804.00 धरोहर राशि: Rs. 112300.00 निविदा संख्या: 128 कार्य का नाम व स्थान: सहायक मण्डल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, रतनगढ़ के अधीन रतनगढ़ उप मंडल पर विभिन्न लोकेशनो पर पीने के पानी की आपूर्ति करना (2 वर्ष के लिए)। अनुमानित लागत मूल्य: Rs. 3155210.10 धरोहर राशि: Rs. 63100.00 नोट:- अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 1204-AC/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# बूथ पर पहुंचे मतदान दल, मतदान आज, 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर होगी वेबकास्टिंग

चूरू, (कासं)। विधानसभा आम चुनाव-2023 को लेकर जिले में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शुक्रवार को जिले के सभी विधानसभा मुख्यालयों पर अंतिम प्रशिक्षण के बाद रवाना हुए मतदान दल अपने-अपने बूथ पर पहुंचे और तैयारियां सुनिश्चित कीं। शनिवार सवेरे 7 बज से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि जिले के कुल 1568 मतदान केन्द्रों के लिए 6272 एक्टिव तथा 628 रिजर्व मतदान दल कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सादुलपुर में 253 बूथों के लिए 1012 एक्टिव व 100 रिजर्व मतदान कर्मी, तारानगर के 260 बूथों के लिए 1040 एक्टिव व 104 रिजर्व मतदान कर्मी, सरदारशहर के 299 बूथों के लिए 1196 एक्टिव व 120 रिजर्व मतदान कर्मी, चूरू के 238 बूथों के लिए 952 एक्टिव व 96 रिजर्व मतदान कर्मी, रतनगढ़ के 250 बूथों के लिए 1000 एक्टिव व 100 रिजर्व मतदान कर्मी तथा सुजानगढ़ के 268 बूथों के लिए 1072 एक्टिव व 108 रिजर्व मतदान कर्मी नियुक्त किए गए हैं। इनके साथ प्रत्येक मतदान केन्द्र एक पुलिसकर्मी भी नियुक्त किया गया है। चिन्हित मतदान केन्द्रों पर माइक्रोऑब्जर्वर व वीडियोग्राफर तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर सीएपीएफ जवान तैनात किए गए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में आठ-आठ महिला कार्मिक प्रबंधित, आठ-आठ युवा कार्मिक प्रबंधित, एक-एक दिव्यांग प्रबंधित तथा एक-एक आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। शुक्रवार को हुए मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण अंतर्गत शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित केन्द्रीय विद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक अश्विनी यादव एवं जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश व शुभकामनाएं दी। पर्यवेक्षक यादव ने कहा कि सभी कार्मिक सजग, सतर्क एवं सक्रिय रहकर मतदान केन्द्र पर सभी

**■ विधानसभा आम चुनाव -2023 को लेकर जिले में सभी तैयारियां पूर्ण**

आवश्यक प्रक्रियाएं समयानुसार संपादित करें तथा किसी भी प्रकार का परेशानी होने पर धैर्य रखकर निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए प्रबंधन करें। मतदान दल कार्मिक अपने पूर्व अनुभवों एवं आपसी सामंजस्य से समस्याओं का समाधान करें। सभी कार्मिकों को समुचित प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जानकारी का लाभ उठाते हुए समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्देश देते हुए कहा कि लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखते हुए परिस्थितियों को मैनेज करने के लिए करेक्ट स्टेप्स उठाएं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर माइक्रो ऑब्जर्वर सीधे पर्यवेक्षक को रिपोर्ट करेंगे। इनके लिए व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप में बूथ संख्या, लोकेशन एवं विवरण सहित जानकारी साझा करें ताकि समयबद्ध निस्तारण हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने मतदान दल कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग हो रही है।

सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है तथा बूथ पूरे समय कैमरे की निगरानी में रहेंगे। इसलिए किसी भी प्रकार की असावधानी न बरतें। उन्होंने कहा कि मॉक पोल की प्रक्रिया में सूक्ष्म परिवर्तनों को जांच लें तथा सम्पूर्ण प्रक्रिया के लिए बनाए गए पॉडकास्ट शेयर किए गए हैं, जिसे मतदान दल यात्रा के दौरान भली-भांति समझ लें ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। मॉक पोल एवं सीआरसी निर्धारित प्रक्रिया में संपन्न हो, गलती की कोई गुंजाइश न छोड़ें। किसी भी प्रकार से मशीन में तकनीकी खराबी होने से मशीनों को रिप्लेस करने की निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाए। समय के बेहतर प्रबंधन से सभी गतिविधियां सही तरीके से संपादित की जा सकती हैं। सिहाग ने कहा कि ईवीएम को ले जाते समय ध्यान रखें कि कोई अनाधिकृत परिधि में न आए। मशीनों को अकेले न छोड़े तथा अनधिकृत व्यक्ति साथ न रहे। चैलेंज वोट संबंधी किसी परेशानी के लिए पीठासीन अधिकारी को नियमों का ध्यान रहे। नियमों के बारे में पीठासीन अधिकारी को किसी भी प्रकार का असमंजस न रहे। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं राजकीय लोहिया महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जेबी खान ने मतदान दल कार्मिकों को आवश्यक जानकारी साझा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत, चूरू रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार, लाइजनिंग अधिकारी डॉ मंगल जाखड़, पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ के ओमप्रकाश फगेड़िया, एपीआरओ मनीष कुमार, रतननगर ईओ सत्यनारायण स्वामी, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, चूरू सीबीईओ ओमदत्त सहारण, इंजीनियर माधव, उदय, नरेन्द्र सिंह राठौड़, नायब तहसीलदार सुरेन्द्रपाल, चुन्नीलाल, ताराचंद, निजी सहायक सुरेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के बागियों की वजह से प्रत्याशियों की जीत में रोड़ा ?

बीकानेर, (कासं)। अब जब कि 25 नवम्बर को मतदान होना है। ऐसे में सभी दलों व प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। किंतु इस बार बीकानेर की सभी सातों सीटों पर चुनाव की राहें आसान नजर नहीं आ रही है। जहां एक ओर मौजूदा विधायकों को अपनी विधायकी बचाने और विपक्ष को विधायकी छीनने में खाणी ताण आ रही है।

बीकानेर पश्चिम से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. बी. डी. कल्ला, भाजपा प्रत्याशी जेठानन्द के साथ कई निर्दलीय प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। बता दें कि डॉ. कल्ला कांग्रेस सरकार में मंत्री पद पर रहे हैं। इस सीट पर पुष्करणा समाज के वोटों का दबदबा है तथा कांग्रेस व भाजपा के दोनों ही प्रत्याशी इसी समाज से आते हैं। मौजूदा विधायक होने के कारण डॉ. कल्ला से क्षेत्र के लोगों की शिकायतें भी है तो उधर बागी भी खेल बिगाड़ने में लगे है। रही-सही कसर पिछले दिनों पीएम मोदी ने रोड शो करके पूरी कर दी है। ऐसे में ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। बरहाल विधायकी बचाने व छीनने में दोनों ही प्रत्याशियों को एडी चोटी का जोर लगाना

**■ बागी तो खेल बिगाड़ने में लगे ही हैं, रही-सही कसर पिछले दिनों पीएम मोदी ने रोड शो पूरी कर दी**

पड़ रहा है। बीकानेर पूर्व से भाजपा प्रत्याशी सिद्धि कुमारी के सामने इस बार कांग्रेस ने अपना वायदा पूरा करते हुए यशपाल गहलोत को चुनाव मैदान में उतारा है। बता दें कि सिद्धि कुमारी बीकानेर पूर्व राजघराने से है तथा लगातार तीन बार विधायक रही है। ऐसे में गहलोत सिद्धि कुमारी को कितनी टक्कर दे पाते हैं। यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। बरहाल पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार रहे कन्हैयालाल झंवर ने सिद्धि कुमारी को टक्कर दी थी।

श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भंवर सिंह भाटी, भाजपा प्रत्याशी अंशुमान सिंह भाटी, आरएलपी प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस के बागी पूर्व विधायक रेवंतराम पंवार के साथ कई अन्य निर्दलीय प्रत्याशी इस बार पूरा खेल बिगाड़ने में लगे है। इस बार भाटी व केन्द्रीय मंत्री मेघवाल के बीच रही अदावत भी समाप्त हो गई तथा मेघवाल व उसका परिवार अंशुमान के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहा है। रही सही कसर कांग्रेस के बागी प्रत्याशी पंवार पूरी कर रहे हैं। बता दें कि श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक राजपूत व मेघवाल समाज के वोटर है। ऐसे में कितने क्या वोट टूटकर किस खेमे में जाएंगे। यह तो आने वाला भविष्य ही बता पाएंगा। हाल फिलहाल इस चुनाव में मौजूदा सरकार के मंत्री रहे भाटी की साखा दाव पर लगी हुई है। नोखा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बिहारी लाल विश्नोई के सामने इस बार रामेश्वर डूडी के अस्वस्थ होने के कारण उनकी पत्नी सुशीला डूडी को चुनाव मैदान में उतारा है। नोखा में जाट व विश्नोई समाज के वोटों का दबदबा है। वहीं निर्दलीय के रूप में पिछली बार कांग्रेस के प्रत्याशी रहे कन्हैयालाल झंवर चुनाव मैदान में है। इस बार नोखा में मतदान का गणित कितना क्या बनता व बिगड़ता है। हार व जीत का फैसला इसी पर रहने वाला है। बता दें कि कल नोखा में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी सभा कर चुके है।

## अश्लील वीडियो किया वायरल

बीकानेर, (कासं)। अब तक पुरष व युवक पर ही अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोप लगते आ रहे है, किंतु एक मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने दूसरी महिला की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला का पति इन दिनों एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत जेल में है तथा आरोपी महिला उसके पति के साथ कुछ समय से रिलेशनशिप में रह रही है। ऐसे में दोनों के बीच पहले से ही विवाद चल रहा है। इस आशय की रिपोर्ट श्रीगंगानगर जिले के लालगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के गांव कीकरचक में रहने वाली पीड़िता ने पंजाब में रहने वाली एक महिला के खिलाफ थाने में दी है। रिपोर्ट में उसकी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। आरोपी महिला पंजाब के मलोट की रहने वाली है। दोनों के बीच जान पहचान है। आरोप है कि पांच दिन पहले उसे इंस्टाग्राम पर उसकी फेक आईडी मिली। आईडी की जांच करने पर उस पर अश्लील वीडियो पाया गया।

## जिला कलेक्टर ने नीमकाथाना जिले के मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

पाटन, (निसं)। जिला कलक्टर श्रुति भारद्वाज ने नीमकाथाना वासियों से 25 नवम्बर, शनिवार को हो रहे चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान का फर्ज निभाने की अपील की है। उन्होंने नीमकाथाना जिलेवासियों से अपील में कहा कि भारत सम्पूर्ण विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हमारे लोकतंत्र का मूलाधार है। उन्होंने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि 25 तारीख प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे के बीच अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में मतदान अनिवार्य रूप से करें। जिला कलक्टर ने कहा है कि वोटर अपने संबंधित मतदान केन्द्र पर पहुंच कर अपनी पहचान का दस्तावेज दिखाकर अपना वोट डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता वोटर आईडी कार्ड (इपिक कार्ड) के अतिरिक्त भी चुनाव आयोग द्वारा मान्य किए गए 12 प्रकार के दस्तावेजों को दिखाकर भी मतदान कर सकते है ।

**इनमें 12 दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज दिखाकर किया जा सकता है मतदान:-** आधार कार्ड, फोटोयुक्त पासबुक (बैंक या पोस्ट ऑफिस), पासपोर्ट, पैन कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस,लेबर कार्ड,सेवा पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड,स्वास्थ्य बीमा कार्ड, पेंशन दस्तावेज, एमपी, एमएलए, एमएलसी द्वारा जारी आईडी कार्ड, एनपीआर-आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड

**लगातार 11 घंटे होगा मतदान:-** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2023 के तहत 25 नवम्बर 2023 शनिवार को जिले की 4 विधानसभाओं में मतदान प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक किया जा सकेगा। इस प्रकार लगातार 11 घंटे मतदान का समय रहेगा।

**मतदान के दिन रहेगा संवेतन अवकाश:-** जिला कलक्टर श्रुति भारद्वाज ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो किसी राज्य की विधानसभा के लिये निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा। भारत सरकार के संशोधन अधिनियम संख्या 21/96 द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में धारा 135 ख स्थापित कर मतदान के दिन कर्मचारियों को संवेतन अवकाश की मंजूरी की व्यवस्था की है।

**मतदानकर्मी पहुंचे मतदान स्थल:-** 25 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के मतदान दल अपने आवंटित मतदान स्थल पर पहुंच चुके हैं । जिला कलक्टर श्रुति भारद्वाज ने बताया कि सभी मतदान दलों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया गया है। सभी मतदान दल स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में मतदान का कार्य पूर्ण करवाने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र में भी मतदान दलों के ठहरने तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।

## कार्यकर्ता अपना बूथ नहीं छोड़े

बीकानेर, (कासं)। विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को मतदान होगा। बीकानेर पश्चिम से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. बी.डी. कल्ला ने शुक्रवार को बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए। डॉ. कल्ला ने बूथ कार्यकर्ताओं से कहा कि किसी भी अफवाह, सनसनी या खबर को सुनकर भी अपना बूथ छोडा नहीं है। यदि मतदान संबंधित कोई भी गड़बड़ी लगे तो पोलिंग ऑफिसर को तुरंत इसकी शिकायत करें। उन्होंने कहा कि सुबह मतदान शुरू होने से लेकर शाम समाप्त होने तक अपने बूथ पर ही रहे। अपने बूथ के समस्त वोटर की लिस्ट की 2-3 कॉपी अपने पास रखें और हर वोट के बाद अपनी लिस्ट मे अपडेट करें। अपना मोबाइल चार्जर, दवाईयां, पानी, बिस्किट इत्यादि साथ रखना ना भूले। कल्ला ने बूथ कार्यकर्ताओं से कहा कि सुबह 7 से 10 बजे तक अपने सभी रिश्तेदारों अपने पक्ष के वोटर की सर्वाधिक वोटिंग कराएं। कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए हुए डॉ.कल्ला ने कहा कि अपना मनोबल ऊंचा रखें सावधानी संयम और परिपक्वता का परिचय दें।

## कांस्टेबल के हाथ से मोबाइल फोन छीन ले गए बदमाश

बीकानेर, (कासं)। अपराधियों में किसी प्रकार का डर या भय नहीं रह गया है। इसका अंदाजा इस बात से सहज ही लगाया जा सकता है कि कलेक्ट्रेट परिसर में एक पुलिस कांस्टेबल के हाथ से ही मोबाइल छीन बाइक पर बदमाश फरार हो गए।

इस आशय की रिपोर्ट अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) के कार्यालय में कांस्टेबल के पद पर तैनात सर्वेश मीना ने सदर पुलिस थाने में अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ दी है। रिपोर्ट में बताया कि दोपहर तकरीबन सवा बारह बजे के आसपास पब्लिक के सामने वह मोबाइल पर बात कर रहा था। आरोप है कि बिना नम्बर की मोटर साइकिल पर सवार होकर पीछे से आये दो बदमाश उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। इन दोनों ने अपने चेहरे ढक रखे थे। बताया कि मोबाइल तकरीबन 25 हजार रूपये का था तथा उसने अपने मोबाइल के पीछे दो हजार रूपये डाल रखे थे। वे भी ले गए। दूसरी ओर मुक्ताप्रसाद थाना क्षेत्र में लालगढ़ रेलवे हॉस्पिटल के पास एक राहगीर से बाइक सवार अज्ञात लुटेरों ने मोबाइल फोन लूट लिया।

इस संबंध में पीड़ित ने तुरंत मुक्ता प्रसाद थाने जाकर लिखित रिपोर्ट दी, लेकिन मौजूद स्टाफ ने शिकायत लेने से इनकार कर दिया। खिखनिया पट्टा निवासी हिम्मत सिंह ने बताया कि वह किसी काम से बीकानेर आया हुआ था। रात करीब 8 बजे रेलवे हॉस्पिटल लालगढ़ के आगे से पैदल जा रहा था। इस दौरान किसी का फोन आने पर जेब से मोबाइल निकालकर बात करने लगा। इसी बीच पीछे से बाइक पर सवार होकर आये दो नकाबपोश युवकों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन लूट लिया। दौड़ कर लुटेरों का पीछा किया, लेकिन वह रेलवे क्वार्टरों की तरफ बाइक दौड़ा कर ले गए।

इसके बाद मुक्ता प्रसाद पुलिस थाने जाकर शिकायत दर्ज करानी चाही, तो पुलिस कर्मियों ने ई मित्र पर जाकर शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा। पुलिस कर्मियों से आग्रह किया कि रात को ई मित्र बंद है फिर भी उन्होंने शिकायत नहीं ली।

## मतदान दल की हौसला अफजाई की

बीकानेर, (कासं)। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने शुक्रवार को राजकीय डूंगर महाविद्यालय तथा राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से रवाना हुए मतदान दल कर्मियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि मतदाता निष्पक्ष और भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें, इसके मद्देनजर मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रत्येक कर्मचारी निर्वाचन से नियमों की शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की परेशानी हो तो तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसमें प्रत्येक मतदाता पूर्ण उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभा सकें, इसके लिए जिले के 1640 मतदान केन्द्रों पर मतदान से जुड़ी सभी तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने महिला और दिव्यांग मतदान कर्मियों से बातचीत की और उनकी हौसला अफजाई की।


राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023

सारे काम छोड़ दो
सबसे पहले वोट दो

आज मतदान दिवस

शनिवार 25 नवम्बर 2023
सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक

अपील
आपका वोट कीमती है...

प्रिय मतदाता,

हम सोचते हैं कि हमारे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है ? वैसे भी आज मुझे बहुत काम हैं।

लेकिन आपके एक वोट से फर्क पड़ता है !

आपके एक वोट से लोकतंत्र का फैसला प्रभावित हो सकता है। मतदान आपका अधिकार है और कर्तव्य भी ! ध्यान रहे, आज 25 नवंबर छुट्टी का दिन नहीं हैं, लोकतंत्र का महापर्व है ! आज 25 नवंबर को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अपना अमूल्य मत देना ना भूलें ! सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के साथ शत-प्रतिशत मतदान के लिए हम सभी की सहभागिता आवश्यक है !

घर से निकलकर, प्रसन्न एवं निर्भीक होकर मतदान जरूर करें...

प्रवीण गुप्ता
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान




वोटर आईडी कार्ड या इनमें से किसी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र को दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

| | | |
|---|---|---|
| आधार कार्ड | पैन कार्ड | ड्राईविंग लाइसेंस |
| पासपोर्ट | यूनिक डिसेबिलिटी कार्ड | मनरेगा जॉब कार्ड |
| स्वास्थ्य बीमा कार्ड | पैंशन दस्तावेज | सेवा पहचान पत्र |
| एनपीआर - आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड | फोटोयुक्त पासबुक बैंक/पोस्ट ऑफिस | एमपी/एमएलए/एमएलसी को जारी आईडी कार्ड |

राजस्थान संवाद

Voter Helpline App

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान
www.ceorajasthan.nic.in

CEORAJASTHAN

